भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3314

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

एनएच-102बी पर तुइवाई पुल-परवा रोड की स्थिति

3314. श्री रिचर्ड वनलालहमंगइहा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मिजोरम राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-102बी पर तुइवाई पुल से मिम्बुंग-नगोपा-ह्नाहलान-ज़ोखावथर-वाफई-फरकावन-थेकपुई-लुंगकावल-थिंग्सई-एस.वनलाईफई-लुंगजरहतुम-छुआरलुंग-चाखांग-छेइहलु-ज़वांगलिंग-खोपई-लोंगमासु-वथुआमपुई होते हुए परवा-I/परवा-II तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन सड़क के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किए जाने के संबंध में अवगत है;
(ख) क्या सरकार का मिजोरम के पूर्वी हिस्से और अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट इसके रणनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय संपर्क के महत्व को देखते हुए उक्त सड़क खंड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव है;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) उक्त सड़क के उन्नयन और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मिजोरम राज्य में एनएच-102बी पर तुइवाई पुल से परवा-I तक सड़क के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा शुरू किया गया है।

(ख) से (घ) इस गलियारे के 28 किमी ज़ोरिनपुई-लोंगमासु खंड को एनएच-502ए घोषित किया गया है। इसके अलावा, मिजोरम राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषणा या उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। समय-समय पर ऐसे प्रस्तावों पर संपर्कता (कनेक्टिविटी) आवश्यकताओं, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर विचार किया जाता है।

*****